# कार्यालय नगर पालिक निगम, रायगढ़ (छ0ग0)

क्रमांक 431 / लो.क.वि / न.पा.नि. / 2022 रायगढ़ दिनांक 27-05-2022

**।। संक्षिप्त निविदा आमंत्रण सूचना ।।**

नगर पालिक निगम, रायगढ़ द्वारा निकाय मद, व्याज की राशि, डी.एम.एफ. मद एवं ऐसा मद जो पूर्व से चिंहाकित नहीं हो परन्तु निकाय को कार्य संपादन हेतु प्राप्त हुआ हो से सम्बलपुरी गोठान स्थित कांजी हाऊस/गो अभ्यारण में जानवरों के खाने योग्य सूखा धान का पैरा एक लाख किलो संग्रहण कर सम्बलपुरी शहरी गोठान में पहुंचाने हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा लोक निर्माण विभाग द्वारा एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों अथवा जिन किसानों के पास पैरा उपलब्ध है वे भी निविदा प्रस्तुत कर सकते हैं। निविदा दिनांक 10.06.2022 अपरान्ह 04:00 बजे तक स्पीड पोस्ट/पंजीकृत डाक से आमंत्रित की जाती है। प्राप्त निविदाएं दिनांक.10.06.2022..अपरान्ह को सायं 4:30 बजे उपस्थित निविदाकारों अथवा उनके अधिकृत प्रतिनिधि से समक्ष खोली जावेगी। बुलाई जा रही निविदा वार्षिक निविदा है जिसकी दरें वित्तीय वर्ष 2022–23 तक प्रभावशील होगी। कार्य को आवश्यकतानुसार विभाजित कर कार्यादेश जारी किया जावेगा। कार्य नहीं कराने की स्थिति में कोई क्षति पूर्ति देय नहीं होगी। जिस फर्म या व्यक्ति की निविदा दर न्यूनतम होगी उन्हें पाँच हजार का एफ.डी.आर. जो आयुक्त नगर पालिक निगम, रायगढ़ एवं ठेकेदार के संयुक्त नाम से होगा प्रस्तुत कर अनुबंध सम्पादित करना होगा।

शेष शर्ते कार्यालयीन अवधि में वेबसाईट www.nagarnigamraigarh.com /uad.cg.gov.in से एवं भवन शाखा में देखी जा सकेगी।

**नियम एवं शर्तेः–**

1. निविदा प्रक्रिया के संबंध में किसी प्रकार के जानकारी की आवश्यकता होने पर नगर निगम, रायगढ़ वेबसाईट www.nagarnigamraigarh.com/uad.cg.gov.in से एवं भवन शाखा में प्राप्त किया जावे अन्यथा त्रुटि पूर्ण निविदा प्रपत्र मान्य नहीं होगा।
2. लिफाफे में ठेकेदार का जीवित पंजीयन प्रमाण पत्र, आयकर प्रस्तुत करने का प्रमाण पत्र वर्ष 2019–20 से पुराना मान्य नही होगा, जी. एस.टी. विभाग में पंजीयन की प्रति अथवा जिन किसानों द्वारा सीधे आपूर्ति किये जाने की इच्छा रखते हैं वे शासकीय कृषि उपज मंडी या समिति में शासकीय दर पर धान का विक्रय किये गये हो उक्त दस्तावेज स्वयं द्वारा सत्यापित कर संलग्न करना होगा तथा दर सादे कागज पर भी मान्य किया जावेगा। आवश्यकता पड़ने पर मूल अभिलेख प्रस्तुत करना होगा।
3. निविदा प्रपत्र स्पीड पोस्ट/पंजीकृत डाक द्वारा ही प्राप्त किये जावेंगे। अन्य किसी माध्यम से जैसे व्यक्तिगत या कोरियर आदि से भेजे गये निविदा स्वीकार नहीं की जावेगी। निर्धारित तिथि व समय के पश्चात प्राप्त निविदायें स्वीकार नहीं की जावेगी एवं न ही खोली जावेगी तथा वापस दी जावेगी, डाक विलम्ब के लिए नगर पालिक निगम, रायगढ़ जिम्मेदार नहीं होगा।
4. निविदा स्वीकृत की वैधता 180 दिनों की होगी। दरें समस्त करों सहित मान्य होगी। पृथक से किसी भी कर का भुगतान नहीं किया जावेगा। बुलाई गई निविदा वार्षिक निविदा है अतः निविदा स्वीकृत दरें आगामी एक वर्ष के लिए वैध होगीं। बाजार दर में वृध्दि होने के स्थिति में पृथक से कोई राशि देय नहीं होगी।
5. कार्य का अन्य विवरण, देयक से काटी जाने वाली राशि एवं नियम शर्ते कार्यालय में कार्यालयीन अवधि में देखा जा सकता है।
6. नियम एवं शर्ते अनुबंध का एक भाग होगा।
7. किसी भी निविदा को बिना कारण बताए स्वीकृत/अस्वीकृत/निरस्त करने का अधिकार आयुक्त नगर पालिक निगम रायगढ़ के पास सुरक्षित रहेगा।
8. निर्धारित तिथि पर अवकाश होने पर आगामी दिवस को मान्य किया जावेगा।
9. लिफाफा में स्टेपलर से पिन किया हुआ मान्य नहीं होगा एवं लिफाफा को सेलो टेप से पूर्णताः बंद करना होगा तभी मान्य होगा अथवा बंद लिफाफा पूर्ण रूप से चिपकाने अथवा स्टेपलिंग करने के बाद सेलो टेप से चिपकाना अनिवार्य होगा।
10. निविदा राशि का कार्य संपादित नहीं कराने में कोई क्षतिपूर्ति देय नहीं होगी। कार्य की आवश्यकतानुसार **25 प्रतिशत** अधिक मूल्य तक का कार्य स्वीकृत निविदा दर से किया जाना अनिवार्य होगा।
11. सामग्री की आपूर्ति कार्यादेश जारी होने के तीन दिवस के अन्दर प्रारंभ कर उल्लेखित समयावधि में पूर्ण किया जाना आवश्यक रहेगा।
12. आबंटित समय सीमा में कार्य प्रारंभ नहीं करने पर ठेकेदार द्वारा निविदा में भाग लेते समया जमा करायी गयी राशि को राजसात कर अनुबंध समाप्त कर दिया जावेगा।
13. निविदा दर स्वीकृत पश्चात अनुबंध संपादन का आशय स्वतः कार्य करने की स्वीकृत नहीं है।
14. समय–समय में शासन/उच्च अधिकारियों द्वारा जारी निर्देश स्वतः प्रभावशील होगे।
15. सामग्री संग्रहण अथवा आवगमन के दौरान किसी प्रकार की दुर्घटना के लिए ठेकेदार उत्तरदायी होगा।

कार्यपालन अभियंता
नगर पालिक निगम रायगढ़ (छ.ग.)

पृ. क्रमांक 431 /लो.क.वि / न.पा.नि. / 2022 रायगढ़ दिनांक 27-05-2022

**प्रतिलिपिः–**

1. महापौर/सभापति महोदय, नगर पालिक निगम, रायगढ़ को सादर सूचनार्थ।
2. नेता प्रतिपक्ष/प्रभारी सदस्य, लो.क.वि. नगर पालिक निगम, रायगढ़ को सादर सूचनार्थ।
3. आयुक्त, नगर पालिक निगम, रायगढ़ को सादर सूचनार्थ।
4. नोटिस बोर्ड में चस्पा करने हेतु।
5. कम्प्यूटर ऑपरेटर, नगर पालिक निगम, रायगढ़ को विभागीय वेबसाईट में अपलोड किए जाने हेतु प्रेषित।
6. प्रोग्रामर डाटा सेंटर, नगरीय प्रशासन एवं विकास, संचा. रायपुर को विभागीय वेबसाईट में अपलोड किए जाने हेतु सूचनार्थ संप्रेषित।

कार्यपालन अभियंता
नगर पालिक निगम रायगढ़ (छ.ग.)

# कार्यालय नगर पालिक निगम, रायगढ़ (छ0ग0)

क्रमांक 431 /लो.क.वि/न.पा.नि./2022 रायगढ़ दिनांक 27.5.22

**।। संक्षिप्त निविदा आमंत्रण सूचना।।**

नगर पालिक निगम, रायगढ़ द्वारा निकाय मद, व्याज की राशि, डी.एम.एफ. मद एवं ऐसा मद जो पूर्व से चिंहाकित नहीं हो परन्तु निकाय को कार्य संपादन हेतु प्राप्त हुआ हो से सम्बलपुरी गोठान स्थित कांजी हाऊस/गो अभ्यारण में जानवरों के खाने योग्य सूखा धान का पैरा एक लाख किलो संग्रहण कर सम्बलपुरी शहरी गोठान में पहुंचाने हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा लोक निर्माण विभाग द्वारा एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों अथवा जिन किसानों के पास पैरा उपलब्ध है वे भी निविदा प्रस्तुत कर सकते हैं। निविदा दिनांक 10.06.2022 अपरान्ह 04:00 बजे तक स्पीड पोस्ट/पंजीकृत डाक से आमंत्रित की जाती है। प्राप्त निविदाएं दिनांक.10.06.2022..अपरान्ह को सायं 4:30 बजे उपस्थित निविदाकारों अथवा उनके अधिकृत प्रतिनिधि से समक्ष खोली जावेगी। बुलाई जा रही निविदा वार्षिक निविदा है जिसकी दरें वित्तीय वर्ष 2022-23 तक प्रभावशील होगी। कार्य को आवश्यकतानुसार विभाजित कर कार्यादेश जारी किया जावेगा। कार्य नही कराने की स्थिति में कोई क्षति पूर्ति देय नहीं होगी। जिस फर्म या व्यक्ति की निविदा दर न्यूनतम होगी उन्हें पाँच हजार का एफ.डी.आर. जो आयुक्त नगर पालिक निगम, रायगढ़ एवं ठेकेदार के संयुक्त नाम से होगा प्रस्तुत कर अनुबंध सम्पादित करना होगा।

शेष शर्तें कार्यालयीन अवधि में वेबसाईट www.nagarnigamraigarh.com /uad.cg.gov.in से एवं भवन शाखा में देखी जा सकेगी।

**"स्वच्छ पर्यावरण के लिए वृक्षारोपण करें एवं पालिथीन का प्रयोग न करें"**

**कार्यपालन अभियंता**
न.पा.नि., रायगढ़

पृ. क्रमांक 431 /लो.क.वि/न.पा.नि./2022 रायगढ़ दिनांक 27.5.22

**प्रतिलिपिः-**

1. महापौर/सभापति/नेता प्रतिपक्ष/लो.क.वि. प्रभारी, न.पा.नि. रायगढ़ को सादर सूचनार्थ।
2. आयुक्त, नगर पालिक निगम, रायगढ़ को सादर सूचनार्थ।
3. संपादक ..........................................................................................को.................................से.मी. में प्रकाशित कर देयक समाचार पत्र की दो प्रतियों के साथ प्रस्तुत करें।
4. प्रभारी जनसंपर्क नगर पालिक निगम, रायगढ़ को सूचनार्थ।
5. कार्यालय नगर पालिक निगम रायगढ़ के सूचना पटल में चस्पा हेतु।
6. प्रोग्रामर डाटा सेंटर, न.प्र.वि.संचा., रायपुर को विभागीय वेबसाईट में अपलोड किये जाने हेतु सूचनार्थ।

**कार्यपालन अभियंता**
नगर पालिक निगम,
रायगढ़ (छ.ग.)